# महाविद्यालय की वार्षिक कार्य योजना (2026-2027)

* जुलाई माह के प्रथम सप्ताह से प्रवेश फार्म *(Prospectus)* का वितरण प्रारम्भ कर दिया जायेगा। स्नातक प्रथम वर्ष एवं एम.ए. प्रथम वर्ष में सभी प्रवेश महाविद्यालय से प्राप्त निर्देशों के अनुरूप किये जायेंगे। प्रवेश प्रक्रिया गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद द्वारा निर्धारित तिथियों तक अनिवार्यतः पूर्ण कर ली जायेगी।
* सभी कक्षाओं में 50 प्रतिशत सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण हो जाने पर कक्षाओं में अध्यापन प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी जायेगी और प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात सभी कक्षाओं को महाविद्यालय समय सारणी के अनुसार विधिवत प्रारम्भ किया जायेगा।
* विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि तक विश्वविद्यालय परीक्षा फार्म भरवा कर विश्वविद्यालय में जमा किया जायेगा। नवम्बर माह में ही शुल्क मुक्ति, निर्धन छात्र सहायता राशि वितरण आदि का कार्य पूर्ण किया जायेगा। विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा सुधार फार्म प्राप्त होने पर इच्छुक विद्यार्थियों को दिये जायेंगे और उन्हें भरवा कर समयान्तर्गत विश्वविद्यालय में जमा किया जायेगा।
* 20 सितम्बर को महाविद्यालय की संस्थापिका रानी कृष्णा कुमारी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर यज्ञ/हवन आदि का आयोजन किया जायेगा।
* छात्र/छात्राओं को विषय की अद्यतन जानकारी सुलभ कराने तथा उनकी अकादमिक गुणवत्ता को बढाने हेतु विभागीय संगोष्ठियों/व्याख्यान मालाओं का प्रारम्भिक चरण 20 नवम्बर से प्रारम्भ कर दिया जायेगा। इनमें महाविद्यालय के अतिरिक्त एम0जे0पी0 रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद एवं अन्य विश्वविद्यालयों / महाविद्यालयों के प्राध्यापकों, समाजसेवी बुद्धिजीवियों/पत्रकारों/प्रशासकों आदि को रिसोर्स पर्सन के रूप में आमंत्रित किया जायेगा, जिससे शिक्षार्थियों के विषय सम्बन्धी ज्ञान का और अधिक परिवर्धन हो सकेगा।
* विश्वविद्यालय द्वारा निश्चित तिथियों में परीक्षा सुधार परीक्षा 2026 सम्पन्न करायी जायेंगी।
* 10 दिसम्बर को स्व० कुँवर महीपाल सिंह जी आजीवन अध्यक्ष की पुण्यतिथि पर हवन/यज्ञ का आयोजन किया जायेगा। दिसम्बर-जनवरी में महाविद्यालय की वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगितायें सम्पन्न करायी जायेंगी तथा राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर शासन द्वारा निर्धारित तिथियों में अनिवार्य रूप से सम्पन्न कराया जायेगा। राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर भी शासन द्वारा निश्चित तिथियों में सम्पन्न कराये जायेंगे।
* दिसम्बर-जनवरी में विद्यार्थियों द्वारा स्वयं विभागीय संगोष्ठियों/व्याख्यान मालाओं/वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा, ताकि विद्यार्थियों में प्रतियोगिता प्रतिभागिता की कौशलता के साथ-साथ उनका सर्वतोन्मुखी विकास हो सके।
* 16 फरवरी को राजा गुलाब सिंह जी की जयन्ती के उपलक्ष्य में यज्ञ/हवन का आयोजन किया जायेगा और इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना, क्रीड़ा, एन0सी0सी0 आदि के मेधावी छात्र/छात्राओं को पुरस्कृत किया जायेगा।
* फरवरी माह में भूगोल के बी0ए0 तृतीय वर्ष के छात्र/छात्राओं का यात्रा परिभ्रमण कार्यक्रम पूर्ण कर सभी कक्षाओं की प्रायोगिक परीक्षायें पूर्ण करायी जायेंगी।
* एन0सी0सी0 की सम्पूर्ण गतिविधियां शासन/एन0सी0सी0 हैड क्वाटर्स से प्राप्त तिथियों में सत्रान्तर्गत कैप्टन डॉ0 अशोक कुमार द्वारा पूर्ण करायी जायेगी।
* गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद एवं एम0जे0पी0 रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा निर्धारित परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार मुख्य परीक्षायें सम्पन्न करायी जायेंगी।
* नोट-महाविद्यालय की यह वार्षिक कार्य योजना पूर्णतः प्रयोजनात्मक है। इसमें पस्थितियों एवं आवश्यकतानुसार परिवर्तन/संशोधन किया जा सकता है।